<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2701

09 अगस्त, 2017 को उत्तर के लिए

एन॰एम॰डी॰सी॰ द्वारा तुर्की में खान खरीदना

2701. श्री परवेज़ हाशमीः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नेशनल मिनरल्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एन॰एम॰डी॰सी॰) लिमिटेड तुर्की में खान खरीदने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) एन॰एम॰डी॰सी॰ तथा अन्य कंपनियों ने किन-किन देशों में खानें ली हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार खान के व्यवसाय में गैर-सरकारी क्षेत्र की कंपनियों के साथ अन्य निगमों को बढ़ावा देने के लिए किसी योजना को कार्यान्वित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): जी नहीं ।

(ख): और (ग): लोहा और इस्पात क्षेत्र एक नियंत्रण मुक्त क्षेत्र है तथा सरकार की भूमिका केवल सुविधाप्रदाता के रूप में होती है। निवेश संबंधी कोई भी निर्णय व्यक्तिगत कंपनी द्वारा वाणिज्यिक सोच विचारों और बाजार गतिशीलता के आधार पर लिए जाते है। एनएमडीसी ने तंजानिया में खनन पट्टों का अधिग्रहण तथा ऑस्ट्रेलिया के लिगेसी आयरन ओर लिमिटेड में इक्विटी अर्जित करने के साथ आईसीवीएल, जिसकी मोजाम्बिक में कोयला खान है, में भी इक्विटी अर्जित की है।

*****